[श्री अनन्त राय देवशंकर देव]

बार शहरियों की मीटिंग भी हुई कि शहर में रथ यात्रा निकलने वाली है, यह यात्रा शान्ति से निकले, कुछ ऐसे असामाजिक लोग हैं, एंटी नेशनल लोग है, बूटलेगर्स है जो कोई न कोई बहाना ढूंढ कर अहमदाबाद में अशान्ति फैलाते हैं, उन लोगों को राउंट अप किया जाए। लेकिन जो कुछ अभी अहमदाबाद में हुआ है उसकी एक वजह यह भी थी कि गुजरात जनता दल और कांग्रेस दोनों एक हो गये इन दोनों पार्टियों के लोगों का अभी कुछ मन बना नहीं है। इसकी वजह से अगले दिन एक तारीख को दरियापुर में पांच लाख रुपये का शराब लतीफ नाम के एक बूटलेगर से पकड़ा गया जो अभी कांग्रेस में है। पहले वह जनता दल गुजरात में था। दूसरे दिन जब यह रथ यात्रा चल रही थी तो ऊपर से पर्टिकुलर एरिया में पथराव हुआ। गोली चली। तब पुलिस ने ऊपर से गोलाबारी करने की वजह से लोगों पर गोली चलाई। वे देख रहे थे कि ऊपर से पथराव हो रहा है, गोली चल रही है। एक धार्मिक जलूस जब निकल रहा था तो उस पर गोली चलाना सरकार के लिय मुमकिन नहीं है। फिर भी कुछ मात्रा में ऐसे एलीमेंटस कंट्रोल में आय। लेकिन जितने एण्टी सोशल और एण्टी नेशनल एलीमेंट्स अहमदाबाद में हैं उन लोगों ने चारों ओर अहमदाबाद में आग लगायी। आज के दिन तक अहमदाबाद में 20 लोगों की जानें गयी हैं, करीब 30 जगहों पर आग लगा दी गयी, करीब 250 लोग जख्मी हुए, इतने ही लोग पकड़े भी गये हैं, लेकिन जिन लोगों को पकड़ना चाहिए उन लोगों को सरकार ने आज के दिन तक नहीं पकड़ा है। मेरा नम्र निवेदन यह है कि ऐसे लोगों को पकड़ना चाहिए। मैं हाउस में यह निवेदन करता हूं कि अहमदाबाद में यह क्यों हो रहा है। इसके लिए कोई सुझाव साथ में बैठकर अगर हम नहीं सोचेंगे—क्योंकि सारा गुजरात बंद रहा, चार तारीख को पूरा गुजरात, छोटा से छोटा गांव भी बन्द रहा, मैं कोई राजनैतिक बात नहीं करना चाहता हूं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि गुजरात में यह क्यों हो रहा है अगर साथ में बैठकर नहीं सोचेंगे—क्योंकि ऐसी बड़ी घटना अहमदाबाद में घटी लेकिन किसी भी पोलिटिकल पार्टी ने निन्दा नहीं की, मुझे यह दुःख है—तो कुछ नहीं होगा। ऐसी जब घटना घटती है तो साथ में बैठकर जो कोई वजह है उस पर विचार करना चाहिए और जो एण्टी सोशल और ऐण्टी नेशनल ऐलीमेंट्स हैं उनके खिलाफ सरकार को कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। अभी उस रिपोर्ट पर मैं कोई ऐसा बयान यहां नहीं देना चाहता हूं कि किसी धार्मिक स्थान पर ऐसे हथियार निकलें, बम निकले। वह मैं नहीं करना चाहता हूं लेकिन सरकार से यह नम्र विनती करता हूं कि पूरी तलाश करके पूरे बयान, पूरी रिपोर्ट सदन के सामने रखे और ऐसी घटना न घटे गुजरात में इस पर कोई कदम उठाए। यह मेरा नम्र निवेदन है।

Police tiding on Tribal workers at Bhilai

SHRI M.A. BABY (Kerala) : Thank you very much, Madam, for permitting me to raise this issue related to the massacre at Bhilai.

Madam, we are pained to note that in different parts of our country, in the recent past especially, many unfortunate incidents are taking place wherein many lives we being snatched away in communal violence. Just now an honourable colleague of mine has referred to what is happening in Ahmedabad and nearby areas. In unequivocal terms we must all condemn it and we should also try to see that communal harmony is protected in our country. Similarly, earlier there was a reference to what has happened in Rajasthan, the mass killing of Dalits by casteist forces.

Madam, the issue which I am referring to, the massacre at Bhilai on July 1st, am be termed as a similar incident. But, at the same time, we should recognize that even in Rajasthan it was a massacre perpetrated by communal forces, casteist forces, on

Dalits. In Ahmedabad if it is loss of life as a result of communal violence, with a heavy heart, Madam, I have to say that what has happened in Bhilai is an entirely and qualitatively different incident where the Administration, which is meant for protecting law and order, the Administration which is meant for safeguarding the lives of the people itself has committed the most heinous crime of perpetrating a massacre. Madam, what has happened at Bhilai on July 1 was a well-planned, calculated massacre engineered by the administration in order to see that the organised, democratic trade-union movement—in this particular case this has been a trade-union movement mainly of tribals—did not come up in the State of Madhya Pradesh.

1 happened to visit the area within two days of the incident. On 3rd and 4th in a delegation we visited the hospital. We visited different places where a most inhu-man attack was perpetrated on the people. We met the family members of the deceased, the family members of ihose who had been killed. We met scores of eyewitnesses from different walks of life, who related to us what had actually happened there. Due to paucity of time I do not want to elaborate it.

But, Madam, the workers of mainly th; industrial belt of Bhila:, have been demanding that the contract workers should be regularised. This has been their demand, especially the demand of the tribals who have been exploited by industrialists, violating all labour laws. For a couple of years they have organised themselves, and they have demanded that the authorities should regularise them. Tn the month of May there was an agitation. Then the District Authorities engaged them in prolonged negotiations. Thereby they procrastinated any decision on this issue. Ultimately, the workers and their union, the Chhattisgarh Mukti Morcha, though other trade unions have also been raising this issue, told the District Administration, "We will stop the agitation,"—this was by the end of May or the beginning of June—"but we will give you one month's time. If you stili fail to keep your word to implement the settlement of regularising the workers, we will be forced to take recourse to more militant forms of agitation." This was told to the District Administration. By the end of June, from 28th June onwards, tribal workers from different parts of the District, started collecting near the Bhilai Power House Railway Station, Sector I. The District Administration knew that there was some promise given to the workers and that the workers had stated that if the promise was not implemented, they would take resourse to more stringent forms of agitation. But no steps were taken to ameliorate the plight of the workers. On 1st July the workers started squatting on the rail-track. This is the hignest form of agitation. Form our own on-the-spot study and inspection, with 100 per cent sincerity and responsibility and authority, I can vouchsafe that the workers, the tribal workers belonging to the Chhattisgarh Mukti Morcha were absolutely peaceful. They were sitting there right from the morning. The Administration engaged some of the leaders in> a spurious negotiation, in a process of negotiation, elsewhere.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : You conclude now.

SHRI M.A. BABY : I am winding up, Madam.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : You have taken seven minutes.

SHRI M. A. BABY : A am thankful to your indulgence, but considering the gravity of the situation ....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : That I know.

SHRI M.A. BABY : Dozens of innocent people have been butchered there by the police. By the fag end of the evening, as a part of their planning, agent provocateurs, police agents, started creating a scene. They started creating a stone-throwing situation. Still the Chhattisgarh Mukti Morcha people, the innocent, poor, hapless tribals continued to sit there. This is what the people told me. There are people there from different States. Even Malayalees are working there. The people from Kerala related this to us in Malayalam. They are not in direct

[Shri M. A. Baby]

political activity. Those who are not engaged in political activities, they related this to us. They sat there peacefully in spite of the scene being created. Without even properly making an announcement that the police was taking recourse to fir ing, they indiscriminately started firing. Even two kilometres away from the place of the incident, people had been killed because of the bullet injuries. In one parti cular case, a 19 year old boy, Pradeep Kutti, who was going to fetch medicine for his ailing mother, was shot by the police and he had four bullet injuries on his chest and other parts of the body. His mother and other relatives related to us that his body was dragged for nearly a kilometre before it was thrown into the Police jeep. The way the injured human-beings after the firing were handled by the Madhya Pradesh police puts shame on our country. ,

When we visited the Bhilai Steel Plant Hospital we found the splendid work done by the administration and the doctors there. It proves that the public sector undertakings and their institutions can function very effectively. The Bhilai Steel Plant Hospital is the best example of the functioning of a public sector undertaking's institution. But for their survices and care these many lives could not have been saved. They related to us that many of them were not taken to the hospital in time. Doctors relateS to us that in a few cases if they were delayed by another five or ten minutes, they would not have been alive.

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : बिल्कुल सच बोल रहे हैं।... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : आप बाद में बोल लीजिएगा।.... **(व्यवधान)**

Whether you want to associate or dis-sociate, you do that when you speak.

SHRI M. A. BABY : After the massacre, what was the responsibility of the Administration ? Curfew was imposed. Section 144 was imposed. We reached there on 3rd and 4th. The incident occurred on July 1. When we asked the injured with three, four or five bullet injuries, if any relatives of theirs could come to the hospital, they said no. Because curfew was going on and section 144 was imposed, the relatives of those who were badly injured could not visit the hospital even on 3rd and 4th. That was the situation existing there.

Now, I would relate how the bodies of the deceased were disposed of. In this we have the shadow of the British imperialists. When Sardar Bhagat Singh was hanged, his body was not released to the relatives. It was cremated in a surreptitious way.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : You are a senior Member of the House. You have consumed 12 minutes in the Special Mention. Please concude.

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : आपको भी समय देते हैं। इसलिये वह शायद ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : स्पेशल मेंशन के लिए जेनरली तीन मिनट देते हैं।

SHRI M.A. BABY : Madam, it is a matter raised as part of the Special Mention. Actually there should have been a special discussion on the subject. I demand that there should be a full-fleged discussion on the matter.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : इस डिमांड का आप नोटिस दे देते फिर चेयर-मैन साहब निर्णय ले लेते।

SHRI M.A. BABY : With this request I am winding up. 1 would just make one or two references. From Bhilai these bodies were taken 12 kilometres away. Some relatives were, of course, allowed to accompany, but their bodies were not released to the relatives of the deceased. This is number one information. Secondly, even those who are badly injured and those who require to be treated for three or four weeks or for months, the administration is

pressurising the hospital authorities to discharge them immediately so that they can arrest them and lock them up. 1 am giving you a particular case of Mr. Bhimrao Baghe who cannot stand up.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : Now, please conclude.

SHRl M.A. BABY : He is the leader of the CPM. He has bullet injuries. He has been discharged by the authorities because they do not have any other way out.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : Kindly sit down.

SHRl M.A. BABY : The Government of Madhya Pradesh has been charge-sheeted with the criminal act of murder. Here is an instance where a State Government itself is charge-sheeted with the criminal act of murder. 1 do not find any reason for the continuance of the Patwa Government in Madhya Pradesh. The incident of Bhilai is reminiscent of the atrocities committeed by Hitler in Germany.

Therefore, I demand that this House decide to send a joint parliamentary delegation to Bhilai to collect all the information.

Madam, even today the where abouts of those who have been killed are not available. Twenty-five people are missing. But the administration says that only sixteen killings have taken place. Actually more than twenty-five people are missing. Due to the continuance of curfew and section 144, people cannot come out to talk to others and to ascertain from others as to how many people are missing and how many people have been killed and how many are being killed.

In unequivocal terms, this House should condemn this crime committed by the Government of Madhya Pradesh. In unequivocal terms this House should demand that all the casual workers and contract labourers should be rehabilitated. They should be given back their jobs. The compensation that has been announced is very meagre and totally inadequate. It should

be raised. All violations of the labour laws which are being done by the Government of Madhya Pradesh should be viewed with serious concern. The Central Government should see as to how the State Government can be brought to a civil state of functioning.

SHRI SUNIL BASU RAY (West Bengal) : Madam, I associate myself with the special mention made by the hon. Member Mr. Baby.

.... (Interruptions) ....

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar) : Madam, I also associate myself with the special mention made by Mr. Baby.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : मैं आपको समय दूंगी ।

श्री अजीत जोगी : जलियांवाला बाग की घटना रिपीट कर के आपकी सरकार चैन से नहीं बैठ सकती ।

श्री कैलाश नारायण सारंग (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, यह जो कुछ कहा गया है, यह राजनीति से प्रेरित है ।

श्री अजीत जोगी : कुछ तो लाज-शर्म करो

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : आप बैठिए । मैंने श्री सुरेश पचौरी को बुलाया है ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष महोदया, यह राजनीति से प्रेरित है ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : सारंग जी, आप बैठिए । सारंग जी,आप अनुमति लेकर बोलिए । मैं आपको समय दूंगी, मेरा सभी सदस्यों से निवेदन है कि कृपया क्रास टाक न करें ।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया भिलाई में, मजदूरों पर जो जुल्मों-सितम ढाहा गया है जिसका कि जिक्र हमारे सम्मानिम सदस्य श्री बेबी ने किया है और उन्होंने जो रोष

[श्री सुरेश पचौरी]

प्रकट किया है वह घटना की गंभीरता को दर्शाता है। मजदूरों की जिस बर्बरता से पिटाई हुई, मजदूरों को निर्ममतापूर्वक मारा गया जिसके तहत वहां 16 लोगों की मृत्यु हो गयी।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : एक मिनिट सुरेश जी, पहले बेबी जी ने विस्तार से जो चीजें रखी हैं, उसके अलावा आप कोई अलग तथ्य रखेंगे तो ठीक रहेगा क्योंकि उन्हीं बातों को दोहराने से तो सदन का समय जाएगा। इसमें अगर आप कुछ नयी चीज कहना चाहते हैं तो जरूर कहिए, लेकिन रिपीटीशन मत कीजिए।

श्री सुरेश पचौरी : उपसभाध्यक्ष महोदया, 16 लोगों की मृत्यु हो गयी और सौ से अधिक घायल हो गए, यह अत्यंत ही शर्मनाक घटना है। महोदया, मैं ऐसा सोचता हूं कि कुछ दिनों पूर्व मजदूर नेता नियोगी की जो हत्या हुई थी यह सब उस पर कवच डालने के लिए किया गया है क्योंकि नियोगी की विधवा पत्नी ने एक पत्र द्वारा यह आशंका व्यक्त की थी कि पुलिस, पूंजीपति और सरकार की सांठ गांठ से उनके पति की हत्या की गई। महोदया, जिन मांगों को लेकर मजदूर आंदोलन पर उतारु थे, उनकी उन जायज मांगों की अनुशंसा लेबर डिपार्टमेंट ने भी की थी। वे मिनिमम वेज देने की बात पर जोर दे रहे थे और सरकार दूसरी तरफ एक जिद भरा रुख अख्तियार किए हुए थी। यह इस बात को सिद्ध करता है कि कहीं न कहीं सरकार के संरक्षण में यह गोली-चलान हुआ है और जिसकी वजह से पुलिस ने इस तरीके का निंदनीय और निर्ममतापूर्ण व्यवहार किया है।

महोदया मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि इस पूरे प्रकरण की सुप्रीम-कोर्ट के जज द्वारा न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए तथा जो प्रभावित लोग हैं उन्हें पर्याप्त राशि राहत के रूप में दी जानी चाहिए साथ ही साथ विभिन्न राजनीतिक दलों का एक दल वहां जाना चाहिए, जो यह देखे कि मजदूरों पर जो गोली-चालन हुआ है यह क्यों हुआ है ? क्योंकि पहले न तो कोई चेतावनी दी गई, न हवा में फायर किया गया और न लाठी चार्ज किया गया बल्कि सभी मजदूरों पर गोली चला दी गई और जिसकी वजह से 16 लोगों की हत्या हुई है, जिससे बारह वर्ष का बच्चा और पांच महिलाएं भी शामिल है इसलिए मैं आप के माध्यम से आग्रह करूंगा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि एक सिविलाइज्ड कण्ट्री में पुलिस एक सिविलाइज्ड बीहेवियर करे और इस प्रकार की जांच सुप्रीम-कोर्ट के जज द्वारा होनी चाहिए। साथ ही मध्य प्रदेश सरकार के बारे में विचार किया जाना चाहिए कि जो सरकार मजदूरों पर जुल्मों-सितम कर रही है वह सरकार ज्यादा दिन चले या न चले। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : Shri Gurudas Das Gupta.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry) : Madam, I raised my hand first. I think you noticed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : His name is included in the list by the previous Vice-Chairman.

आपने बाद में हाथ उठाया। गुरुदास दासगुप्त जी, आप सदन में नहीं थे, इस पर लगभग 13 मिनट बहुत विस्तार से मिस्टर बेबी ने बोला है। इसलिए मैं चाहूंगी कि आप बहुत थोड़ी देर में अगर ऐड करना चाहते हों तो करें क्योंकि बहुत ज्यादा इलेबोरेट वे में सब कुछ यहां आ चुका है।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA : (West Bengal) : This incident involving the death of sixteen persons in a firing does not find a parallel in the post-Independence country of ours. There have been cases of police atrocity in different parts; but never have we come across such an example where the police has just brutally killed sixteen people at one go. Sixteen deaths at one go !

It had never been our experience in any part of the country. And I have reasons to believe and suspect that a number of dead bodies had been taken away. Therefore, the number of casualties or the dimension of casualties appears to be reasonably more than what actually it is estimated to be. Therefore, Madam, I have no hesitation in culling it an act of savegery unknown to il.e civilised society. What has been the response of the Government ? I do not claim that the BJP should act in a different way. But it is after all an elected Government. What is the response of the Government ? How is it responding fo the commotion cutting across the party line ? I know there are many people in the BJP, their own trade-unions, who do not like the way the Government functions. What is their response ?

My second point is that the total unresponsiveness of the BJP Government is another sign of brutality. Tt is not only to kill the people but also to ignore the sentiments that we come across. Madam, therefore, what T demand is this. The central leadership of the BJP which always speaks in terms of democracy, which always speaks in terms of popular verdict, should come out openly. It is a question of their central leadership advising their State Government. What has been done ? There has been no public response from the central leadership saying, "You should do something immediately as you have done something very wrong".

Thirdly, what prevents the BJP Government from dismissing, suspending temporarily, the people who have ordered such brutal firing ? What prevents the BJP Government from at least telling its Ministers that they cannot and they should not keep company with the delinquent industrialists ? I do not know the reason for firing. I know the people of Chhatisgarh area. This is an area which is a paradise for exploiters and a paradise for the people who violate the law of the country.. The only crime that the Mukti Morcha had committed was that it had come up against the exploitation. Since Mr. Negoi stood up against the exploitation, he had been killed and the killer has been an industrialists. The unfortunate part of the story is that the accused could get out of the police net. He had gone out of the police net. This thing cannot happen without their connivance. Therefore, it is not an act of atrocity alone, it is a long story of connivance, it is a long story of connivance with the atrocity, it is a long story of hobnobbing with the delinquent industrialists, it is a long story of refusing people their due and in continuation of that, you put down the struggle of the people. Therefore, everything has to be viewed in that context. It is savagery because people were killed, it is savagery because the Ministers were keeping the company of the delinquent industrialist; it is savagery because the BJP Central leadership has not publicly reprimanded the State leadership; it is savagery because the accused who happens to be an industrialist could get out of the police net in a simple way. Therefore, everything taken together, it is an example of unparalleled complicity of people in high offices. Even at the top, this party is in the dock. You are, after all, judged by the performance and judging by your performance, you are equated with one of the most savage Governments of the country. Therefore, I demand, if the B.J.P. preaches democracy, let them come up in open against all that has happened in the part of the country.

SHRI V. NARAYANASAMY : Madam, I want to submit two points. The whole incident related to the demand of about four thousand employees demanding permanent jobs and that organisation has been agitating against the management for more than two years. An assurance was given by ihe management and also the Government that the issue will be settled amicably but the Minister of Industry did not call the employees for negotiations. The Chief Minister had stated that if the Industry Minister had taken steps earlier in resolving the dispute between the employees and management, the firing would not hew taken place. This is the version of the Chief Minister. The employees have been agitating for their rightful demand but the police administration aeted in a lavage

[Shri V. Narayanasamy]

manner and there was unprovoked firing and more than sixteen people were killed. It was a cold-blooded murder and the administration is trying to give shelter to those persons who are responsible for this. It has been proved that the industrialist has been fully protected by the Madhya Pradesh Government. This is very serious. Therefore, as requested by my hon. colleague, I want that a Parliamentary Committee consisting of Members of each political party should visit that place and see whether adequate precaution was taken before firing, who ordered that firing and who was responsible for killing these innocent people. Let it be probed. Even today T was told that curfew is imposed in Bhilai area. This is a very serious matter and the State Government of Madhya Pradesh has no moral authority to remain in power. I demand t he resignation of the Chief Minister.

श्री मती कमला सिन्हा : उपसभाध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य श्री बेबी जी ने जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आपके सामने रखा है, मैं उसके साथ अपनी सहमति व्यक्त करने के लिए खड़ी हुई हूं । जो कुछ कहा गया, उसको मैं दोहराना नहीं चाहती, सदन का समय खराब नहीं करना चाहती, मैं केवल इतना ही कहूंगी कि लोकतांत्रिक देश में आज के दिन में जो कुछ हुआ है– छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चे के द्वारा जो आन्दोलन चलाया जा रहा था, उनके नेता के हत्यारों को पकड़वाने के लिए और अपने हक को हासिल करने के लिये, उसके बाद उनके साथ जो कुछ हुआ, सलूक किया गया है, जिस ढंग से लोगों की निर्मम हत्या की गई, वह बहुत ही निन्दनीय है ।

वह प्रांतीय सरकार जिसने जघन्य अपराध किया है, निश्चित ही इस अपराध के लिए उसको बर्खास्त करना चाहिए। मैं तो यह चाहूंगी कि दोनों सदनों की एक समिति बनाकर पूरे मामले की जांच की जाये और जांचोपरान्त इस सरकार को बर्खास्त करने की अनुशंसा की जाये ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : धन्यवाद मैडम । जो कुछ भिलाई में घटा है और वहाँ के श्रमिकों की जो हत्या हुई है, मृत्यु हुई है, उसके प्रति हमारा गहरी सहानुभूति है । परन्तु हमारे जो मित्रों ने, मानो कमर कसली है गलत बयानी करके मध्य प्रदेश सरकार को बदनाम करने की . . . **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : उनको कहने दीजिए ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : अब बोलिये मत, हमने बहुत सुन लिया । सुनने की भी ताकत रखिए । पंजाब जला रहे हो, कश्मीर जला रहे हो । . . . **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : उनका नाम है इसमें उन्हें बात कहने दीजिए . . . **(व्यवधान)**

श्री अजीत जोगी : यह एसोशिएट कर रहे हैं या डिबेट हैं ?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : मैंने उनको बोलने की अनुमति दी है। वह सदन में जो कहना चाहते हैं उनको कहने दीजिए ।

श्री अजीत जोगी : कृपया इस पर व्यवस्था दे दें । मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । क्या स्पेशल मेंशन में दूसरा सदस्य असहमति प्रगट कर सकता है ? मैं इस पर आपकी व्यवस्था चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : स्पेशल मेंशन के तौर पर यह विषय अकेला नहीं उठ रहा ।

श्री अजीत जोगी : दूसरे सदस्य उससे असहमति प्रगट कर सकते हैं . . . **(व्यवधान)**

श्री कैलाश नारायण सारंग : आपने जो असत्य बयानी की है उस पर स्पष्टीकरण दे रहा हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : वह असहमति प्रगट नहीं कर रहे हैं । उन्होंने पहला वाक्य कहा है कि उनकी श्रमिकों से सहानुभूति है । जो तथ्य यहां रखे गये हैं उन तथ्यों पर जो उनकी अपनी जानकारियां हैं, वह सदन में रख रहे हैं वह असहमति प्रगट नहीं कर रहे हैं ।

श्री अजीत जोगी : आप इसकी व्यवस्था दे दीजिए । अगर असहमति व्यक्त की जा सकती है तो व्यवस्था दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : मैं व्यवस्था दे रही हूं । इससे पहले जब कुम्हेर पर विशेष उल्लेख आया और कुम्हेर पर लोगों ने अपनी-अपनी जानकारी दी । उसमें भी भारतीय जनता पार्टी के सदस्य ने जो उन्हें तथ्यों की जानकारी थी, वह दी। इसमें भी वह असहमति प्रगट नहीं कर रहे हैं । जो तथ्य सदन में रखे गये हैं, जो उनकी जानकारी है वह दे रहे हैं । मैंने उनको अनुमति दी है इसलिए आप बैठ जाइये और जो वह कह रहे हैं उसको सुन लीजिए । .....(**व्यवधान**) वह तथ्यों की जानकारी दे रहे हैं, असहमति प्रगट नहीं कर रहे हैं । ....(**व्यवधान**) आप बैठिए सारंग जी, आप बोलिए ।

श्री अजीत जोगी : यह व्यवस्था का प्रश्न है । इस पर आप फैसला दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : मैंने फैसला दिया न । मेरा फैसला सुना नहीं । मैंने फैसला दिया और बहुत विस्तार से दिया । ..... (**व्यवधान**)

श्री कैलाश नारायण सारंग : मैं इस घटनाक्रम के कुछ नए तथ्य बता रहा हूं । जरा नए तथ्य सुनने की कृपा करें । गोली चलने से पहले आठ बार वार्निंग दी गयी । गोली चलने से पहले हवाई फायर किये गये, टियर गैस फैंकी गयी ।

SHRT M.A. BABY : Madam, it is very sad that the police-firing is justified like this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : He is not justifying it. He is only telling the facts which he knows.

SHRI KAILASH NARAIN SARANG : No, no, I am not justifying it. T am disclosing the facts.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, he is shielding the crime.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ) : He is not shielding.

वह जो भी बात कह रहे हैं उसको सदन में आ जाने दीजिये । क्यों हम लोग इतना समय बरबाद कर रहे हैं । ...(**व्यवधान**) आप बैठिये जाधव जी । सारंग साहब, आप अपनी बात जल्दी समाप्त करिए ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : महोदया, यह टोकाटाकी करेंगे तो मैं तो पूरी बात कहकर ही बैठूंगा ।

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV (Maharashtra) : Madam, I am on a point of order.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : आपका पोइंट आफ आर्डर क्या है ।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : मेरे व्यवस्था का प्रश्न यह है कि स्पेशल मेंशन तो तीन मिनट का होता है । मगर यह तो सारा डिबेट चल रहा है ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : 13 मिनट तक जो मि० बेवी ने बोला ।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : उसका समर्थन मंत्री कर सकता है। . . (**व्यवधान**) यह तो सहमति प्रगट कर सकते हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : इस सदन में कुछ विशेष उल्लेख विवेक का रूप पहले लेते हैं । आज ही कुम्हेर ने लिया । तीन मिनट की समय-सीमा बेबी जी भी नहीं मानी । 13 मिनट तक उन्होंने तथ्य रखे : उसके बावजूद भी कुछ और सदस्य जो तथ्य जानते थे उन्होंने भी वह तथ्य रखे । अब उनकी जानकारी में कुछ तथ्य हैं तो उनको रखने देने में यह सारे व्यवस्था के प्रश्न क्यों उठायें जा रहे हैं । मैंने इस तरह के व्यवस्था के प्रश्न पर अपनी रूलिंग दे दी है । कैलाश सारंग जी को बोलने की अनुमति दी है । जो वह कह रहे हैं उनको कहने दीजिए, उसके बाद भिलाई ओवर और अगला स्पेशल मेंशन लेंगे । अब व"W व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) : मैडम, इसके मायने यह होंगे कि अब स्टेट गवर्नमेंट का वर्जन जो गवर्नमेंट के पास आना है, वह देने की जरुरत नहीं रहेगी ?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : वह दीजिए । जो-जो जानकारियां वहां जाकर सदस्यों ने ली हैं वह हैं । कैलाश जी, आप बोल सकते हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) उत्तर तो गृह मंत्री देंगे दोनों तरफ का वर्जन सुनकर .....**(व्यवधान)** कैलाश जी, आप बोलिए ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : श्रमिकों की मांग मनवाने के लिए मध्य प्रदेश के उद्योग मंत्री तीन दिन तक भिलाई में पड़े रहे । इधर एक तथ्य हमारे मित्र ने यह कहा कि नियोगी की हत्या को छिपाने के लिए यह कांड किया गया है । मुझे उन पर तरस आता है । नियोगी हत्याकांड को हमने सी.बी.आई. को सुपुर्द किया था अपने आपको निर्दोष सिद्ध करने के लिए और हत्या के दो दिन बाद हमने कहा कि सी बी.आई. इंक्वायरी करे । एक महीने के बाद सरकार की सी.बी.आई. ऐक्शन में आई । एक महीने तक मामला पैंडिंग पड़ा रहा । . . . **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : जोगी जी, बीच में न बोलें ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : सी.बी.आई इंक्वायरी करके बताए कि कौन मुजरिम है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि इनके केंद्रीय मंत्री वहां गए । इस हत्याकांड के पांच दिन पहले श्री* ने वहां जाकर जो कुछ वक्तव्य दिया, जिस तरह से वहां के श्रमिकों को भड़काया यह उसी का परिणाम है . . . **(व्यवधान)** ये कांग्रेस के लोग और आप सब लोग जो हमारी बी.जे.पी. को भंग करने की बात करते हैं, जरा अपने गिरेबान में झांकने की कोशिश कीजिए . . . . **(व्यवधान)**

SHRI SYED SIBTEY RAZI (Uttar Pradesh) : Madam, I stand on a point of order. It is not the convention of this House to mention the name of any person who is not a Member of this House.

*Is a member of the WK Sabha.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) श्री* का नाम इसमें से निकाल दीजिए: ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : रेल रोक दी गई ..**(व्यवधान)** सबसे बड़ी बात मैं यह कहता हूं कि मजदूरों के ऊपर गोली चली । यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन एक सब-इंस्पैक्टर मजदूरों को समझाने के लिए जब वहां गया तो उस पर पत्थर फैंक कर मारा गया । जब वह गिर पड़ा तो उसको लाठियों से कुचला गया इस तथ्य को आप क्यों नहीं बताना चाहते ? आप निहत्थे मजदूरों, गरीब मजदूरों की भावनाओं से खेलना चाहते हैं और इसलिए कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और आपको यह सरकार पसंद नहीं है ..**(व्यवधान)** यह कांग्रेसी लोगों का एक प्रकार से राजनीति से प्रेरित वक्तव्य है । मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं और जो तथ्य मैंने आपके सामने रखे हैं ..**(व्यवधान)** हमने न्यायिक जांच घोषित कर दी है । मजदूरों

* Not recorded.

को राहत दी गई है, आर्थिक सहायता भी दी गई है । हमारे बेबी साहब कह रहे हैं कि वहां तो मजदूरों का इलाज भी नहीं कराया जा रहा है हास्पिटल में उनको घुसने नहीं दिया जा रहा । भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश में सरकार है और ऐसी सरकार होगी कि मजदूरों को अस्पताल नहीं जाने देगी ? ...(व्यवधान)

श्री अजीत जोगी : महोदया, मैं स्पैशल मेंशन से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमति सुषमा स्वराज) : जोगी जी का ऐसोसिऐशन इसमें नोट कर लीजिए ।

SHRl M.A. BABY : I would like the Home Minister to respond. Fifteen workers have been massacred by a State Government.

अजीत जोगी : बहुत ही बर्बर कांड हुआ है... (व्यवधान) दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा ... (व्यवधान)

[The Vice-Chairman (Shri Jagesh Desai) in the Chair]

SHRI M.A. BABY : I request the hon. Home Minister to respond.

SHRI S.B. CHAVAN : Mr. Vice-Chairman, I will collect the information from the State Government and make a statement on the floor of the House.

THE VICE-C H A I R M A N (SHRl JAGESH DESAI) : I have to make an announcement. The Finance Minister will make a statement at 4 o'clock today on the irregularities and fraudulent transactions in banks and other financial institutions. A meeting of the leaders of *Ml* parties was called and it was discussed and then it was agreed that there would be no clarifications on this. Tomorrow there will be a Short Duration Discussion on this and it will be completed tomorrow. There will be no lunch-break tomorrow. Immediately after the Question Hour this discussion will start. Both the reports of the Janakiraman Committee are also available with the Distribution Section and Members can collect the copies of the reports.

SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN (Maharashtra) : Sir, I request that we should first complete the remaining special mentions.

THE VICE-C H A I R M A N (SHRI JAGESH DESAI) : No, at 4 o'clock the Finance Minister is going to make a statement.

Apprehension of breach of peace due to construction of temple in Ayodhya

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जो अभी अविलंबनीय लोक महत्व के प्रश्न को विशेष उल्लेख द्वारा सदन में उठा रहा हूं मै समझाता हूं कि इस को देखकर पूरा देश भी चिन्तित है । आप जानते हैं कि अयोध्या में विवादित मंदिर का ढांचा और मसजिद का मामला पिछले दो तीन वर्षों से पूरे देश को मथता रहा है और पूरे देश के लिए चिन्ता का विषय रहा है । दोनों सदनों में बार बार यह प्रश्न उठता रहा है ।

उपसभाध्यक्ष जी, आज के अखबारों में जो समाचार देखने में आया है हर किसी को उससे भी लगता है कि यह मामला कब गंभीर रूप ले ले । मैं इसलिए इस बात को कह रहा हूं कि इसकी बुनियाद के पीछे इतनी बड़ी अशान्ति छिपी हुई है, एक सरकार की भी मंशा छिपी हुई है जिस के बारे में स्वाभाविक रूप से मुझे भी चिन्ता होती है और मैं जानता हूं कि सदन को भी इससे चिन्ता होगी ।

उपसभाध्यक्ष जी, जीर्णोद्धार समिति और पुनर्निर्माण समिति जो अयोध्या में अब मंदिर निर्माण का काम करने जा रही है उस ने घोषणा की है कि मंदिर निर्माण का काम किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा । इस का अर्थ क्या है ? इस का अर्थ यही है कि हम न किसी केन्द्र सरकार की परवाह करते हैं न किसी न्यायालय की परवाह करते हैं, नही हम जनमत की परवाह करते हैं, न देश की एकता की परवाह करते हैं । इसलिए में कहना चाहता हूं कि एक और समतलीकरण और खुदाई का काम तीव्र गति से चल